अवध पर चढ़ा महोत्सव का रंग

इन दिनों अवध महोत्सव के रंगों से गुलजार है. एक तरफ आजमगढ़ महोत्सव तो दूसरी तरफ उत्तराखंड महोत्सव की सांस्कृतिक छटा लखनवाइट्स के दिलों को छू रही है.

देंगे बुनियादी सुविधाः सीएम

साड़ियों पर की गई कलाकारी लोगों को लुभा रही

LUCKNOW (14 March, inext): सीएम अखिलेश यादव ने गोमती नगर स्थित पर्यटन भवन के सभागार में आयोजित आजमगढ़ महोत्सव के सांस्कृतिक संध्या के शुभारंभ कहा कि आजमगढ़ जनपद की अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा है. संगीत, बुनकर व पॉटरी से ताल्लुक रखने वाले तीन गांवों हरिहरपुर, मुबारकपुर और निजामाबाद को सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी.

समाई देशभर की संस्कृति

उत्तराखंड महोत्सव में छोलिया दल ने जीत लिया दिल

LUCKNOW (14 March, inext): लखनऊ में समूचे उत्तराखंड की झलक पानी है तो गोमती तट पर चल रहे उत्तराखंड महोत्सव जरूर जाएं. महोत्सव का शुभारम्भ सैटर्डे को किया गया. गोमती तट के पं. गोविंद वल्लभ पंत उपवन में आयोजित दस दिवसीय उत्तराखंड महोत्सव में कुमाऊं सांस्कृति और कल्चर से रूबरू कराया जाएगा. पहले दिन छोलिया दल ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया.